हरिभूमि
# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शुक्रवार 29 मई 2026

06 जनगणना-2027 के प्रथम चरण का अधिशासी ...

07 उत्साह से मना ईदुज्जुहा पर्व, ईदगाह सहित 8 मस्जिदों...




**खबर संक्षेप**



### 153 वां निशुल्क स्वास्थ्य शिविर संपन्न

**सागर।** डॉ हरी सिंह गौर विश्व विद्यालय के पूर्व चिकित्सा अधिकारी ब्र. डॉ. सोमेश्वर नाथ शुक्ला एवं ब्र. शांति देवी शुक्ला की स्मृति में 153 वां निशुल्क स्वास्थ्य शिविर बुधवार को संपन्न हुआ, इसमें जिसमें 118 रोगियों का निशुल्क रोग स्वास्थ्य परीक्षण तथा परामर्श डॉ राजेश शुक्ला द्वारा दिया गया जिसमें योग प्रशिक्षण एवं आहार का आयुर्वेद से संबंधित निशुल्क साहित्य भी वितरित किया गया जिसमें मधुमेह 32 ,रक्ताल्पता 21, यूरिक एसिड 28,, बाडी मॉस 15,, श्वास 22 की जांच की गई यह शिविर शिवोम सोम शांति चिकित्सालय एवं अनुसंधान केंद्र, 5 सिविल लाइन सागर में किया गया है। जिसमें मकरोनिया पथरिया जाट तिली, रजाखेड़ी, बमोरी, बाबूपुरा, पटकुई एवं विभिन्न अंचलों के लोग शामिल हुए इस शिविर में अर्पित देसाई सत्येश शुक्ला,वीरेन्द्र गोस्वामी , अंकित जैन, दीपक शाह इत्यादि का विशेष सहयोग रहा। 154 वां शिविर बुधवार, दिनांक 24 जून को पुनः शिवोम सोम शांति चिकित्सालय एवं 5 सिविल लाइन सागर में किया जावेगा।

### ग्राम गुलालवा पहुंची किसान रथ यात्रा

**सागर।** बीना विकासखंड के अंतर्गत किसान रथ यात्रा ग्राम गुलौआ पहुंची, जहां ग्रामीणों एवं किसानों ने बढ़-चढ़कर इस रथ यात्रा का स्वागत किया। ग्राम में किसान चौपाल का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में किसानों ने सहभागिता की। कार्यक्रम में बीना विधायक निर्मला सप्रे, बीना जनपद अध्यक्ष उषा राय सागर जिले के कृषि उप संचालक राजेश त्रिपाठी, सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। किसान चौपाल के दौरान किसानों को ई-टोकन प्रणाली के माध्यम से होने वाले उर्वरक वितरण की जानकारी दी गई। साथ ही सॉयल हेल्थ कार्ड, प्राकृतिक एवं जैविक खेती को अपनाने के तरीके तथा खेती-किसानी में नवाचार एवं उन्नत तकनीकों के उपयोग पर विस्तार से मार्गदर्शन प्रदान किया गया। अधिकारियों ने किसानों को बताया कि आधुनिक तकनीकों एवं वैज्ञानिक पद्धतियों को अपनाकर खेती को लाभदायक एवं समृद्ध व्यवसाय बनाया जा सकता है। किसान रथ यात्रा किसानों के लिए एक सराहनीय पहल के रूप में उभरकर सामने आ रही है तथा कृषि जागरूकता बढ़ाने में मील का पत्थर साबित हो रही है।

**विश्व पर्यावरण दिवस 05 से विश्व योग दिवस 21 जून तक आयोजित होंगे विभिन्न कार्यक्रम**

# भाजपा के 12 साल विश्वास के, विकास के, जन कल्याण के अभियान को लेकर जिला स्तरीय कार्यशाला संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

भारतीय जनता पार्टी सागर द्वारा "12 साल विश्वास के, विकास के, जन कल्याण के" अभियान को लेकर धर्मश्री स्थित संभागीय भाजपा कार्यालय में जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में आगामी अभियान की रूपरेखा, संगठनात्मक सक्रियता और जनसंपर्क को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। कार्यशाला का शुभारंभ जिला अध्यक्ष श्याम तिवारी, जिला पंचायत अध्यक्ष हीरा सिंह राजपूत, महापौर संगीता तिवारी, नगर निगम अध्यक्ष वृंदावन अहिरवार, जिला महामंत्री चैन सिंह ठाकुर, सुमित यादव, चेतराम अहिरवार, संभागीय कार्यालय मंत्री डॉ. वीरेंद्र पाठक, जिला उपाध्यक्ष जगन्नाथ गुरैया, यश अग्रवाल, निकेश गुप्ता एवं मनीष चौबे ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया।




कार्यशाला को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष श्याम तिवारी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के क्षेत्र में ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल की हैं। "राष्ट्र प्रथम" के संकल्प के साथ भारत निरंतर विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है और विश्व स्तर पर मजबूत पहचान बना चुका है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने गरीब, शोषित, वंचित, किसान, महिला और युवा वर्ग के उत्थान के लिए अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित की हैं। भाजपा कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी है कि वे सरकार की योजनाओं और उपलब्धियों को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाएं।

जिला पंचायत अध्यक्ष हीरा सिंह राजपूत ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का नेतृत्व देश को नई दिशा देने वाला नेतृत्व है। उन्होंने कहा कि भाजपा केवल राजनीतिक संगठन नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण का संकल्प लेकर कार्य करने वाला दल है। कार्यकर्ताओं को मंडल, शक्ति केंद्र और मतदान केंद्र स्तर तक सक्रिय होकर संगठन को मजबूत करना होगा। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण पर जोर देते हुए कहा कि गांवों और सार्वजनिक स्थलों पर हरियाली बढ़ाने के लिए व्यापक जनजागरण और वृक्षारोपण अभियान चलाया जाएगा।

महापौर संगीता तिवारी ने कहा कि मोदी सरकार के 12 वर्ष विश्वास, विकास और जनसेवा के प्रतीक रहे हैं। भारतीय जनता पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता जनता से सीधे जुड़कर सेवा कार्यों में भागीदारी निभा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना भाजपा की प्राथमिकता है।

नगर निगम अध्यक्ष वृंदावन अहिरवार ने कहा कि भाजपा के कार्यक्रम केवल राजनीतिक आयोजन नहीं, बल्कि समाज और आमजन से जुड़े अभियान होते हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता हर परिस्थिति में जनता के बीच रहकर सेवा का कार्य करता है। पर्यावरण संरक्षण और जनकल्याण के कार्यक्रमों के माध्यम से पार्टी लगातार समाज के बीच कार्य कर रही है।

भाजपा जिला उपाध्यक्ष जगन्नाथ गुरैया ने कार्यशाला में अभियान के अंतर्गत आयोजित होने वाले सभी कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी दी।

जिला मीडिया प्रभारी श्रीकांत जैन ने बताया कि अभियान के सफल एवं प्रभावी संचालन और आयोजन हेतु जिला स्तरीय टोली का गठन किया गया है, जिसमें संयोजक जिला उपाध्यक्ष जगन्नाथ गुरैया तथा सह-संयोजक चैन सिंह ठाकुर, निकेश गुप्ता, यश अग्रवाल एवं आसमा जैन को बनाया गया है।

कार्यशाला में किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष रामकुमार यादव, अनुसूचित जाति मोर्चा जिला अध्यक्ष मधुकर जाटव, जिला उपाध्यक्ष संतोष ठाकुर, विक्रम सोनी, संध्या भार्गव, आफीसर यादव, राहुल वैध, आलोक केशरवानी, सविता साहू, भूपेंद्र नामदेव, विकास सरवरिया, अंशुल परिहार, बालकिशन सोनी, शालीन सिंह, प्रासुक जैन, रमेश्वर नेमा, सोनू उपाध्याय, जय सोनी, डॉ. दशरथ मालवीय, राहुल नामदेव, राजू बड़ोनिया, आदित्य उपाध्याय, मनोज रैकवार, संजय चौबे, तप्ती बाबू सिंह लोधी, प्रमिला मौर्य, उर्मिला सहारे, जयश्री चढ़ार, सुनीता रैकवार, मीरा चौबे, रश्मि कुशवाहा, शारदा कोरी, विनय मिश्रा, बंटी शर्मा, नमन समैया, चिराग सबलोक, हेमंत पचौरी, निखिल अहिरवार, दीपक दुबे, पंकज भट्ट, हिमांशु जोशी, अभिमन्यु सोनी, गौरव नामदेव, धर्मेंद्र रजक, गुड्डू सोनी, मिंटू दीक्षित, देवेंद्र फुसकेले, मूरत सिंह राजपूत, प्रणव कन्हौआ, शुभम अहिरवार, युवराज तोमर, सुप्रियो राय, हरिओम भट्ट, विशाल खटीक, धर्मेंद्र खटीक, कमल कुर्मी, बसंत मीणा, देवाशीष दुबे सहित अपेक्षित पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## क्षत्रिय महासभा के प्रतिनिधि मंडल ने केशव सिंह भदौरिया से भेंट कर स्वागत किया

**सागर।** सागर प्रवास पर पहुंचे महाराणा प्रताप कल्याण बोर्ड के नवनियुक्त अध्यक्ष केशव सिंह भदौरिया से क्षत्रिय महासभा जिला सागर के प्रतिनिधि मंडल ने वरिष्ठ संरक्षक पूर्व सांसद राजबहादुर सिंह के नेतृत्व में भेंट कर उनका स्वागत किया। सर्किट हाउस सागर में पूर्व सांसद राजबहादुर सिंह के नेतृत्व में आज क्षत्रिय महासभा जिला सागर के प्रतिनिधिमण्डल ने महाराणा प्रताप कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष केशव सिंह भदौरिया से हुई भेंट में उन्हें संगठन द्वारा किए जा रहे अनेक सामाजिक कार्यों की जानकारी विस्तार पूर्वक दी। प्रतिनिधि मंडल में क्षत्रिय महासभा के वरिष्ठ सदस्यों में बलवंतसिंह कर्रापुर, बार एसोसिएशन सागर के अध्यक्ष जितेंद्र सिंह गंभीरिया, एड.वीनू शमशेर जंगबहादुर राणा, बार एसोसिएशन सचिव वीरेन्द्र सिंह राजपूत ,राहुल सिंह महुआ खेड़ा, क्षत्रिय महासभा महिला विंग की अध्यक्ष श्रीमती प्रीति सिंह, गोविंद सिंह सहावन, अभिषेक सिंह गौर,आनंद सोलंकी , शैलेन्द्र सिंह कर्रापुर, राघवेन्द्र सिंह भापेल, कृष्णकांत सिंह गोरा, सचिन सिंह राजपूत, एड हाकम सिंह गोरा, पुष्पेंद्र सिंह सहावन, मनीष सिंह पटौआ, पुष्पेंद्र सिंह घोघरा, सचिन सिंह सिमरिया, संदीप सिंह कर्रापुर, ब्रजेश सिंह सिमरिया, प्रशांत सिंह भैंसा, देवेंद्र सिंह, अरविंद सिंह जिंदा, राजेंद्र सिंह बन्नाद, प्रदेश सिंह, अजय सिंह बहेरिया, प्रशांत सिंह मकरोनिया,शामिल रहे।



## ईद उल अजहा पर गले लगकर दी मुबारकबाद

**सागर।** ईद उल अजहा के मौके पर कांग्रेस परिवारजनो ने भोपाल रोड स्थित पेट्रोल पंप के सामने पहुंच कर मुस्लिम भाइयों को मुबारकबाद दी। पूर्व मंत्री सुरेन्द्र चौधरी, सेवादल अध्यक्ष सिंटू कटारे,राकेश राय,भैयन पटेल, नवीन सोनी, रफीक गनी , सुल्तान कुरैशी समीर खान ,असरफ खान, जावेद अंसारी, शाज शहजाद ,अकरम आदि कांग्रेस जनों ने ईदगाह से नवाज अदा कर लौटे मुस्लिम भाईयों को कुर्बानी के इस पाक मौके पर अमन, चैन और भाईचारा बढ़ाने के संदेश के साथ ईद-उल-अजहा की मुबारकबाद दी।



## खुरई में मुस्लिम भाइयों ने देश-प्रदेश की खुशहाली और अमन-चैन की दुआ मांगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ खुरई

खुरई में ईद-उल-अजहा का पर्व धार्मिक उत्साह और भाईचारे के साथ मनाया गया। सुबह से ही ईदगाहों और मस्जिदों में नमाजियों की भीड़ देखने को मिली। मुस्लिम समुदाय के लोगों ने देश, प्रदेश और शहर में अमन-चैन और खुशहाली के लिए दुआएं मांगीं। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी नए परिधानों में नमाज के लिए पहुंचे। नमाज के बाद मुल्क और समाज की तरक्की व खुशहाली के लिए विशेष दुआ की गई। खुरई में भी मुस्लिम समाज ने त्याग, बलिदान और समर्पण का पर्व मिल-बांटकर मनाया। पॉलिटेक्निक कॉलेज रोड स्थित ईदगाह पर बड़ी संख्या में लोगों ने ईद की विशेष नमाज अदा की। नमाज के बाद लोगों ने एक-दूसरे को गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। नमाज हाफिज सलामत कुरैशी ने अदा कराई। उन्होंने बताया कि नमाज के दौरान देश में अमन, प्रदेश में अच्छी बारिश और शहर में सौहार्द बनाए रखने की दुआ मांगी गई।

### कई क्षेत्रों में हुई नमाज

खुरई के अलावा खिमलासा, कंजिया, भानगढ़, मंडी बामौरा, मालथौन, बांदरी, बरोदिया कलां और बरोदिया नोनागिर सहित अन्य क्षेत्रों में भी ईद की नमाज अदा की गई। सुरक्षा व्यवस्था के तहत एसडीएम मनोज चौरसिया, शहरी थाना प्रभारी योगेंद्र सिंह दांगी, देहात थाना प्रभारी संतोष सिंह सहित पुलिस बल विभिन्न स्थानों पर तैनात रहा।

## जल समीक्षा बैठक में अनुपस्थित अधिकारियों को कलेक्टर प्रतिभा पाल ने दिया नोटिस

**सागर।** जिले में आयोजित जिला स्तरीय पेयजल समीक्षा बैठक में अनुपस्थित रहने पर कलेक्टर प्रतिभा पाल द्वारा दो अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पालिका परिषद खुरई तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत रहली को बैठक में बिना पूर्व सूचना अनुपस्थित पाए जाने पर स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। उल्लेखनीय है कि 27 मई 2026 को कलेक्टर श्रीमती पाल की अध्यक्षता में जिला स्तरीय पेयजल समीक्षा बैठक आयोजित की गई थी। बैठक की सूचना संबंधित अधिकारियों को नियमानुसार मीडिया के माध्यम से पूर्व में उपलब्ध कराई गई थी, इसके बावजूद दोनों अधिकारी बैठक में उपस्थित नहीं हुए। सूचना पत्र में कहा गया है कि बिना पूर्व सूचना बैठक से अनुपस्थित रहना शासकीय दायित्वों के प्रति उदासीनता एवं शासकीय कार्यों में लापरवाही को प्रदर्शित करता है। यह आचरण मध्यप्रदेश सिविल सेवा (आचरण) नियम 1965 के नियम-3 का उल्लंघन माना गया है तथा मध्यप्रदेश सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम 1966 के विपरीत होने से दंडनीय कृत्य की श्रेणी में आता है। दोनों अधिकारियों को नोटिस प्राप्ति से तीन दिवस के भीतर उपस्थित होकर अपना स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। उत्तर समाधानकारक नहीं पाए जाने अथवा निर्धारित अवधि में स्पष्टीकरण प्रस्तुत नहीं करने की स्थिति में एकपक्षीय कार्रवाई की जाएगी।

**बैंक खाते से रुपए निकाले थे, युवक बाइक का पंचर बनवा रहा था**

## तुवन मंदिर के पास दिनदहाड़े बड़ी वारदात की बाइक की डिग्गी तोड़कर 5 लाख रुपए उड़ाए

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

शहर में दिनदहाड़े हुई टप्पेबाजी की एक बड़ी वारदात ने पुलिस सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। कोतवाली सदर क्षेत्र के अंतर्गत तुवन मंदिर के पास अज्ञात चोरों ने एक युवक की बाइक की डिग्गी का लॉक तोड़कर उसमें रखे 5 लाख रुपये पार कर दिए। घटना उस समय हुई जब युवक बाइक का पंचर बनवा रहा था। वारदात की सूचना मिलते ही पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया और मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

अहिल्याबाई कॉलोनी निवासी बृजेश कुमार पुत्र मोहनलाल मंगलवार दोपहर अपने साथी अमित कुमार सैनी के साथ कंपनी बाग स्थित सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया शाखा पहुंचे थे। वहां अमित कुमार के खाते से 5 लाख रुपये नगद निकाले गए। दोनों युवक रकम को बाइक की डिग्गी में रखकर तुवन मंदिर की ओर जा रहे थे। बताया गया है कि दोपहर करीब 4.30 बजे तुवन मंदिर के मुख्य गेट के पास अचानक बाइक का अगला पहिया पंचर हो गया। इसके बाद बृजेश कुमार मंदिर की बाउंड्री के किनारे स्थित एक पंचर दुकान पर बाइक ठीक कराने लगे। पंचर बनवाने के दौरान हाथों में ग्रीस और मिट्टी लगने पर वह दुकान पर ही हाथ धोने लगे। इसी बीच अज्ञात बदमाशों ने मौका पाकर बाइक की डिग्गी का लॉक तोड़ दिया और उसमें रखे 5 लाख रुपये निकालकर फरार हो गए। जब बृजेश हाथ धोकर वापस लौटे तो डिग्गी खुली देखकर उनके होश उड़ गए। अंदर रखी पूरी रकम गायब थी।

घटना की जानकारी मिलते ही आसपास लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पीड़ित की तहरीर पर कोतवाली ललितपुर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करते हुए बीएनएस की धारा 303(2) के तहत मुकदमा कायम किया है।



## खुरई ब्लॉक कांग्रेस ने पं.जवाहरलाल नेहरू की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की

**खुरई।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी खुरई शहर एवं ग्रामीण के तत्वधान में आधुनिक भारत के निर्माता, अग्रणी स्वतंत्रता संग्राम सेनानी 13 वर्ष अंग्रेजों से लड़ते हुए जेल में बिताने वाले, वैज्ञानिक दृष्टिकोण के प्रणेता, सार्वजनिक उद्योग जैसे BHEL और तकनीक के जनक भाभा एटॉमिक सेन्टर, ISRO के संस्थापक देश को सिंचाई के साधन से जोड़ने वाले IIT IIM शुरू करने वाले गुट निरपेक्ष आंदोलन के सूत्रधार महान लेखक चिंतक, बच्चों के प्रिय चाचा प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू जी की पुण्यतिथि पर सब्ज़ी मण्डी स्तिथ प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए खुरई (शहर) ब्लॉंक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष एड.शाकिर खान ने कहा कि पंडित नेहरू आधुनिक भारत का निर्माता थे। उन्होंने भारत को एक मजबूत लोकतांत्रिक व्यवस्था की नींव रखी थी। उनके आदर्श आज भी हमारे लिए मार्गदर्शक हैं। खुरई ग्रामीण ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष हरविंदर सिंह चावला एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता राजेंद्र दुबे ने कहा की पंडित जवाहरलाल नेहरू ने स्वतंत्रता संग्राम में सक्रिय रूप से भाग लिया एवं देश को आजादी दिलाने में जेल यात्रा से लेकर अनेक आंदोलनों में अहम भूमिका का निर्वहन किया। स्वतंत्रता के पश्चात भारत के प्रथम प्रधानमंत्री के रूप में अपना सफलतम कार्यकाल में उन्होंने देश को मजबूत औद्योगिक ढांचा प्रदान किया।

**महाराणा प्रताप बोर्ड आयोग के अध्यक्ष केशव सिंह भदौरिया ने किया प्रस्तावित स्थलों का निरीक्षण**

# महाराणा प्रताप की मूर्ति स्थापना को लेकर तेज हुई कवायद

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

महाराणा प्रताप कल्याण बोर्ड आयोग के अध्यक्ष केशव सिंह भदौरिया गुरुवार को सागर पहुंचे, जहां उन्होंने क्षत्रिय समाज के प्रतिनिधियों एवं समाजजनों के साथ शहर में महाराणा प्रताप की प्रस्तावित मूर्ति स्थापना स्थलों का निरीक्षण किया। इस दौरान क्षत्रिय समाज के अध्यक्ष नीरज सिंह नया खेड़ा सहित सैकड़ों समाजजन मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान प्रतिनिधिमंडल स्टेडियम के सामने प्रस्तावित स्थल पर पहुंचा, जहां अध्यक्ष केशव सिंह भदौरिया ने नगर निगम आयुक्त से दूरभाष पर चर्चा करते हुए निर्देशित किया कि राष्ट्र गौरव, वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की भव्य प्रतिमा जल्द स्थापित की जाए, ताकि प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा उसका लोकार्पण एवं अनावरण किया जा सके।



इस अवसर पर केशव सिंह भदौरिया ने कहा कि महाराणा प्रताप केवल क्षत्रिय समाज ही नहीं बल्कि पूरे राष्ट्र के गौरव हैं। उनका शौर्य, त्याग और मातृभूमि के प्रति समर्पण आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्त्रोत है। उन्होंने कहा कि सागर शहर में महाराणा प्रताप की प्रतिमा स्थापित होने से युवाओं को इतिहास से जुड़ने और राष्ट्रभक्ति की प्रेरणा मिलेगी।गौरतलब है कि कुछ दिनों पूर्व सागर से क्षत्रिय समाज का एक प्रतिनिधिमंडल प्रदेश के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत तथा जिला पंचायत अध्यक्ष हीरा सिंह राजपूत की उपस्थिति में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से भोपाल में मिला था। प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री से सागर में महाराणा प्रताप की प्रतिमा स्थापना की मांग रखी थी, जिस पर मुख्यमंत्री ने सकारात्मक आश्वासन दिया था।

इसी क्रम में अब महाराणा प्रताप कल्याण बोर्ड आयोग के अध्यक्ष केशव सिंह भदौरिया द्वारा सागर पहुंचकर स्थल निरीक्षण किए जाने को महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। निरीक्षण के दौरान जिलेभर से आए क्षत्रिय समाज के लोगों के साथ समाज के उत्थान, युवाओं की भागीदारी तथा आगामी सामाजिक कार्यक्रमों को लेकर भी विस्तृत चर्चा की गई। समाजजनों ने विश्वास व्यक्त किया कि प्रदेश सरकार के सहयोग से जल्द ही सागर में वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की भव्य प्रतिमा स्थापित होगी, जो शहर की पहचान बनने के साथ-साथ राष्ट्रभक्ति एवं स्वाभिमान का प्रतीक बनेगी।

नीरज सिंह जिला अध्यक्ष क्षत्रिय समाज, रामबाबू सिंह जनपद अध्यक्ष, नर्वदा सिंह खोना वाले, पूर्व जिला सदस्य संदीप सिंह भापेल, युवा क्षत्रिय जिला अध्यक्ष, अवध बिहारी लम्बरदार बेरखेड़ी, सरमन सिंह उमरारी, नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि एड. अनिल सिंह पड़रई, साहब सिंह सेमरा, अमर सिंह डावरी, धीरज सिंह अमझिरा किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष, मूरत सिंह, बुंदेल सिंह मंडल अध्यक्ष, श्रीमति रितु जितेंद्र सिंह परिहार, अरविंद सिंह टिंकू राजा जनपद उपाध्यक्ष, हिमेश सिंह गौर टीला सरपंच, अंशुल परिहार, रवि ठाकुर, चंद्रभान सिंह, सुरेन्द्र सिंह मुआर, रामजी महुआखेड़ा, सुधीर भाई केसली, संजय सिंह सेमराघोना, कुंवर सिंह ठाकुर, बृजेंद्र सत्ताढाना, सत्येन्द्र सिंह सुरखी सहित डॉ.सुखदेव मिश्रा, डॉ.वीरेंद्र पाठक, देवेंद्र फुसकेले शामिल रहे।


## कार्यालय नगर पालिक निगम सागर म.प्र.

क्र./नामा./रा.वि./न.नि./2026 -27 /04 **सूचना** सागर दिनांक 26/05/26

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिक निगम सीमा के अंतर्गत नीचे दिये गये भवनों/प्लाटों पर नाम दर्ज करने हेतु आवेदन-पत्र प्राप्त हुये हैं। अतः इस संबंध में जिन व्यक्तियों को कोई आपत्ति हो तो वे अपनी आपत्ति सूचना प्रकाशन से 30 दिवस के अंदर आयुक्त नगर पालिक निगम, सागर के नाम प्रस्तुत कर सकते हैं।

| प्रकरण क्रमांक | वार्ड का नाम म.न./प्लाट | किस आधार पर | नाम बेचवार/वसीयतदाता/दानदाता/ वंशानुक्रम द्वारा | जिस व्यक्ति का नाम दर्ज होना है |
|---|---|---|---|---|
| 341 26/27 | अम्बेडकर | रजि. बैनामा शपथ पत्र | राजकुमार पिता स्व. कस्तूरचंद जैन | सचिन कुमार पिता राजकुमार जैन |
| 342 26/27 | अम्बेडकर | रजि. बैनामा शपथ पत्र | मैसर्स चौधरी बिल्ड. एंड. डेव्ल. द्वारा- प्रदीप कुमार पिता शीतलचंद्र जैन एवं दीपक कुमार पिता नवीन कुमार जैन | आयुषी पति निशांत समैया पुत्री राकेश बजाज |
| 343 26/27 | अम्बेडकर | रजि बैनामा शपथ पत्र | मैसर्स चौधरी बिल्ड. एंड. डेव्ल. द्वारा- प्रदीप कुमार पिता शीतलचंद्र जैन एवं दीपक कुमार पिता नवीन कुमार जैन | महिमा पति पंकज कुमार जैन |
| 344 26/27 | सूबेदार | रजि बैनामा शपथ पत्र | तुलसीराम पिता प्यारेलाल नामदेव | उर्मिला पति आर्य कुमार शुक्ला |
| 345 26/27 | बरियाघाट | मृत्यु-प्रमाण पत्र शपथ पत्र | स्व. पार्वती पति रमेश कुमार सोनी (जड़िया ) | रमेश कुमार पिता स्व. रामचंद्र एवं मुकेश, मनोज, विनोद, किरण, संगीता एवं सरिता पुत्र/ पुत्री रमेश कुमार सोनी |
| 346 26/27 | बरियाघाट | रजि बैनामा शपथ पत्र | मीराबाई पति सोहनलाल सोनी | सोनम पति अभिषेक दिवाकर |
| 347 26/27 | शिवाजी | रजि बैनामा शपथ पत्र | अर्चना कुमारी पति दिलीप कुमार त्रिवेदी | गुरु दत्त पिता लेखराज दुबे |
| 348 26/27 | रविशंकर | मृत्यु-प्रमाण पत्र शपथ पत्र | स्व. भगतसींग पिता बाबूलाल घोषी | नरेंद्र एवं सुरेंद्र दोनों पिता स्व. भगत सींग लोधी |
| 349 26/27 | रविशंकर | मृत्यु-प्रमाण पत्र शपथ पत्र | स्व.बाबूलाल पिता स्व. बट्टूलाल घोषी | 1- नरेंद्र एवं सुरेंद्र दोनों पिता स्व. भगत सींग लोधी, 2-मीरा पति स्व. शिवराज एवं विपिन, नितिन, नीतू , पुत्र/पुत्री स्व. शिवराज घोषी |
| 350 26/27 | अम्बेडकर | रजि बैनामा शपथ पत्र | मैसर्स चौधरी बिल्ड. एंड. डेव्ल. द्वारा- प्रदीप कुमार पिता शीतलचंद्र जैन एवं दीपक कुमार पिता नवीन कुमार जैन | साक्षी पुत्री हेमचंद जैन |

**आयुक्त , नगर पालिक निगम, सागर**

## खबर संक्षेप



### साइबर क्राइम सेल ने ऑनलाइन ठगी के 86 हजार वापस कराए

**ललितपुर।** साइबर क्राइम सेल पुलिस ने ऑनलाइन ठगी का शिकार हुई एक पीड़िता की पूरी धनराशि वापस कराकर सराहनीय कार्य किया है। पुलिस की त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई से पीड़िता के चेहरे पर फिर मुस्कान लौट आई। एसपी मो. मुश्ताक के निर्देशन तथा अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन एवं पुलिस महानिरीक्षक झांसी परिक्षेत्र के मार्गदर्शन में साइबर अपराधों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत यह सफलता हासिल की गई। जिला चिकित्सालय निवासी वर्षा विलयम्स पुत्री ई.आर. विलियम्स के साथ ऑनलाइन माध्यम से 86,109 की वित्तीय धोखाधड़ी हुई थी। इस संबंध में पीड़िता द्वारा एनसीआरपी पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई गई थी। इसके बाद विभिन्न वित्तीय एजेंसियों, बैंकों एवं वॉलेट कंपनियों से संपर्क कर संबंधित खातों को होल्ड कराया गया। पुलिस की सक्रिय कार्रवाई के चलते ठगी गई पूरी 86,109 की धनराशि नियमानुसार पीड़िता के खाते में वापस करा दी गई। धनराशि वापस मिलने पर पीड़िता ने एसपी एवं साइबर क्राइम सेल की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए आभार व्यक्त किया। इस कार्रवाई में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली अनुराग अवस्थी, साइबर क्राइम सेल के कांस्टेबल लोकेन्द्र सिंह एवं संदीप की विशेष भूमिका रही।

### चयन के बाद नहीं मिली जॉइनिंग, डीएम से गुहार

**ललितपुर।** जाखलौन क्षेत्र के एक युवक ने केन्द्रीय विद्यालय में जूनियर योग शिक्षक पद पर चयनित होने के बावजूद जॉइनिंग न दिए जाने का आरोप लगाते हुए जिला अधिकारी से न्याय की गुहार लगाई है। पीड़ित अभ्यर्थी ने डीएम को शिकायती पत्र सौंपकर पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराए जाने और नियुक्ति दिलाने की मांग की है। ग्राम कपासी, पोस्ट पिपरई निवासी अमर सिंह पुत्र शंकर ने जिला अधिकारी को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि केन्द्रीय विद्यालय में जूनियर योग शिक्षक पद के लिए आयोजित साक्षात्कार में उन्होंने भाग लिया था। उनका कहना है कि चयन प्रक्रिया पूरी होने के बाद उन्हें इस पद के लिए चयनित कर लिया गया था और इससे संबंधित प्रमाण भी उनके पास मौजूद हैं। पीड़ित अभ्यर्थी के अनुसार चयन की सूचना मिलने के बाद वह जॉइनिंग के लिए विद्यालय पहुंचे, लेकिन विद्यालय प्रशासन द्वारा उन्हें नियुक्ति नहीं दी गई। आरोप है कि जब उन्होंने इस संबंध में जानकारी मांगी तो विद्यालय प्रबंधन ने यह कहकर मामला टाल दिया कि उनका चयन ही नहीं हुआ है। अमर सिंह ने अपने शिकायती पत्र में कहा है कि चयन के बावजूद नियुक्ति न मिलने से वह मानसिक और आर्थिक रूप से परेशान हैं। पीड़ित ने जिला अधिकारी से मांग की है कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराकर उन्हें न्याय दिलाया जाए तथा चयन के आधार पर केन्द्रीय विद्यालय में जूनियर योग शिक्षक पद पर जॉइनिंग दिलाई जाए।

### भोजनशाला, बालक कक्ष की व्यवस्थाएं देखी

**ललितपुर।** जनपद न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अशोक कुमार सिंह के निर्देशानुसार सचिव देवप्रिय सारस्वत ने बुधवार को राजकीय बालगृह (बालक) दैलवारा का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बालगृह में रह रहे बच्चों के लिए उपलब्ध व्यवस्थाओं का जायजा लिया। सचिव देवप्रिय सारस्वत ने बालक कक्ष, पाठशाला कक्ष तथा भोजनशाला का निरीक्षण कर साफ-सफाई एवं अन्य व्यवस्थाओं की जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के दौरान भोजनशाला में साफ-सफाई की व्यवस्था सामान्य पाई गई तथा सुबह के भोजन प्रदर्शित सूची के अनुसार तैयार मिला। इस अवसर पर बालगृह प्रभारी अधीक्षक रामप्रताप, संस्थान का स्टाफ तथा न्यायालय की ओर से आलोक, अनिल एवं गनर मौजूद रहे।

राज्यमंत्री आवास की गणना, नागरिकों से सहयोग की अपील की

# जनगणना-2027 के प्रथम चरण का अधिशासी अधिकारी ने लिया जायजा

जनगणना प्रगणक उनके घर पहुंचें तो सही व पूर्ण जानकारी दें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर



भारत की जनगणना-2027 के प्रथम चरण को सफलतापूर्वक सम्पन्न कराने के उद्देश्य से नगर पालिका परिषद के चार्ज अधिकारी एवं अधिशासी अधिकारी दिनेश कुमार विश्वकर्मा द्वारा लगातार फील्ड भ्रमण कर जनगणना कार्यों की समीक्षा की जा रही है। इसी क्रम में बुधवार को उन्होंने सुपरवाइजरों, प्रगणकों एवं फील्ड ट्रेनरों के साथ विभिन्न ब्लॉकों का निरीक्षण कर जनगणना कार्य का जायजा लिया।

इस दौरान अधिशासी अधिकारी वार्ड नंबर-09 स्थित सुपरवाइजर सर्किल नंबर-15 के हाउस लिस्टिंग ब्लॉक-20 में पहुंचे, जहां राज्यमंत्री मनोहरलाल के आवास की गणना भी की गई। राज्यमंत्री ने कहा कि जनगणना देश के विकास की आधारशिला है। यह केवल आंकड़ों का संग्रह नहीं, बल्कि भविष्य की योजनाओं, संसाधनों के समुचित वितरण एवं जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी संचालन का महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि जब भी जनगणना प्रगणक उनके घर पहुंचें, तब सही एवं पूर्ण जानकारी देकर इस राष्ट्रीय दायित्व में सहभागिता सुनिश्चित करें। चार्ज अधिकारी एवं अधिशासी अधिकारी दिनेश कुमार विश्वकर्मा ने बताया कि जनगणना-2027 के कार्य को सुव्यवस्थित ढंग से सम्पन्न कराने हेतु नगर क्षेत्र के 26 वार्डों को कुल 311 ब्लॉकों में विभाजित किया गया है। प्रत्येक ब्लॉक में प्रगणकों की नियुक्ति की गई है तथा उनकी निगरानी के लिए सुपरवाइजर तैनात किए गए हैं, जो घर-घर जाकर जनगणना कार्य कर रहे हैं। इस दौरान फील्ड ट्रेनर शक्ति सिंह अहिरवार, कल्याण सिंह रजावत, प्रगणक राहुल जैन, अनुराधा चौबे, आलोक स्वामी, चन्द्रप्रकाश चौबे सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

नपा में आउटसोर्सिंग सफाई कर्मी की नियुक्ति के लिए ज्ञापन सौंपा

# बाल्मीकि समाज की बेरोजगार महिलाओं को रोजगार मिले: मंजीत करौसिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर



उत्तर प्रदेशीय सफाई मजदूर संघ ने नगर पालिका परिषद में बाल्मीकि समाज की गरीब एवं बेरोजगार महिलाओं को आउटसोर्सिंग सफाई कर्मचारी के पदों पर नियुक्त किए जाने की मांग उठाई है। इस संबंध में बुधवार को संघ के पदाधिकारियों ने अधिशाषी अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर जल्द सकारात्मक कार्रवाई किए जाने की मांग की।

संघ के कार्यवाहक प्रान्तीय अध्यक्ष मंजीत करोसिया के नेतृत्व में दिए गए ज्ञापन में बताया गया कि बाल्मीकि समाज की अनेक महिलाएं लंबे समय से बेरोजगारी और आर्थिक तंगी का सामना कर रही हैं। परिवार की जिम्मेदारियों और आय के अभाव के कारण उनके सामने रोजमर्रा की जरूरतों को पूरा करना भी मुश्किल हो गया है। ज्ञापन में कहा गया कि यदि नगर पालिका परिषद इन महिलाओं को आउटसोर्सिंग के माध्यम से सफाई कर्मचारी के पदों पर तैनाती देती है, तो इससे उन्हें स्थायी रोजगार का सहारा मिलेगा और उनके परिवारों की आर्थिक स्थिति में सुधार आएगा। संघ ने इसे सामाजिक और मानवीय दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण विषय बताते हुए प्रशासन से संवेदनशीलता के साथ विचार करने की अपील की है। पदाधिकारियों ने कहा कि बाल्मीकि समाज परंपरागत रूप से सफाई कार्य से जुड़ा रहा है, लेकिन वर्तमान समय में रोजगार के सीमित अवसरों केकारण समाज की महिलाएं सबसे अधिक प्रभावित हो रही हैं। ऐसे में नगर पालिका द्वारा आउटसोर्सिंग भर्ती में प्राथमिकता दिए जाने से कई जरूरतमंद परिवारों को राहत मिल सकती है। ज्ञापन सौंपने के दौरान बृजेश कुमार, आरती, पूनम, सपना, सीमा, राधा, किरन, नीतू, संजना, काजल, करनजीत, प्रीति, काजल, ज्योति, किरन, अरूना, सुषमा, नविता, रंजना, नविता, सरोज, शीतल, नीतू, आरती, वंदना, आरती, अनीता, नेहा, वर्षा, प्रभा, रेखा, पूजा, नेहा, नीतू, काजल, हेमा, कंचन, भारती, रंजीता, आरती, कल्पना, सपना, सरोज, नेहा, अमिता सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। संघ ने उम्मीद जताई कि नगर पालिका प्रशासन जल्द ही इस मांग पर सकारात्मक निर्णय लेकर बेरोजगार महिलाओं को रोजगार उपलब्ध कराने की दिशा में पहल करेगा।

डीएम के सख्त तेवर, अमृत योजना 2.0 में लापरवाही पर जल निगम में हड़कंप

# लेडियापुरा में लीकेज के बाद इलाइट टंकी को चालू करने के लिए दो दिन का अल्टीमेटम दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

शहरी क्षेत्र के हर घर तक शुद्ध पेयजल पहुंचाने के उद्देश्य से करोड़ों रुपये की लागत से चल रही अमृत योजना 2.0 अफसरों की लापरवाही की भेंट चढ़ती नजर आ रही है। बार-बार डेडलाइन बीतने के बाद अब जिलाधिकारी सत्यप्रकाश का गुस्सा फूट पड़ा है। डीएम ने जल निगम के अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाते हुए स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि दो दिन के भीतर पेयजल आपूर्ति शुरू नहीं हुई, तो निलंबन की कार्रवाई की जाएगी। डीएम के इन सख्त तेवरों से जल निगम महकमे में हड़कंप मच गया है। शहर की पेयजल आपूर्ति को दुरुस्त करने के लिए डीएम ने पहले 10 मई तक की डेडलाइन तय की थी, लेकिन तय समय सीमा बीतने के बाद भी योजना धरातल पर नहीं उतर सकी। इस घोर लापरवाही पर नाराजगी जताते हुए डीएम सत्यप्रकाश ने इलाइट चौराहे पर बनी टंकी को हर हाल में दो दिन के भीतर चालू करने का अल्टीमेटम दिया है। इसके साथ ही उन्होंने जूनियर इंजीनियर अश्वनी मिश्रा के खिलाफ निलंबन की कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

**पहली ही टेस्टिंग में रो पड़ी लेडियापुरा की टंकी**

एक तरफ प्रशासन पानी सप्लाई शुरू करने के लिए दबाव बना रहा है, वहीं दूसरी तरफ निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर भी गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। योजना के तहत लेडियापुरा में नवनिर्मित पानी की टंकी को जब पहली बार टेस्टिंग के लिए भरा गया, तो वह पहली बार में ही लीक हो गई। टंकी के चारों तरफ से पानी टपकने लगा, जिससे विभागीय दावों की पोल खुल गई। इतनी बड़ी चूक और घटिया निर्माण के आरोपों के बाद भी विभागीय अधिकारी अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ते नजर आ रहे हैं। अधिकारियों ने इस गंभीर लीकेज को पूरी तरह सामान्य बताकर पल्ला झाड़ लिया और मरम्मत का काम शुरू करा दिया। हालांकि, इस घटना के एक सप्ताह बाद भी पेयजल आपूर्ति बहाल नहीं हो सकी है।

**शहर में बनी हैं तीन टंकियां, दो में टेस्टिंग बाकी**

अमृत योजना 2.0 के तहत ललितपुर शहर की प्यास बुझाने के लिए कुल तीन विशाल पानी की टंकियों का निर्माण कराया गया है। इलाइट चौराहा टंकी 2700 किलोलीटर पानी भरना बाकी, चालू करने का 2 दिन का अल्टीमेटम, रावतयाना टंकी 2000 किलोलीटर पानी नहीं भरा गया, टेस्टिंग की कवायद जारी, लेडियापुरा टंकी 1350 किलोलीटर पहली ही टेस्टिंग में भारी लीकेज, मरम्मत जारी है।

ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को भेजा शिकायती पत्र

# डोंगराखुर्द लेखपाल पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर



तहसील महरौनी क्षेत्र की ग्राम पंचायत डोंगराखुर्द के लेखपाल पर भ्रष्टाचार और न्यायालय के आदेशों की अनदेखी करने के गंभीर आरोप लगे हैं। भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष अभिषेक साहू ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र सौंपकर आरोपी लेखपाल को तत्काल निलंबित करने और पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच कराने की मांग की है। भेजे गए पत्र में आरोप लगाया गया है कि ग्राम पंचायत डोगरा खुर्द में कृषि पट्टा आवंटन के नाम पर लेखपाल द्वारा ग्रामीणों से अवैध रूप से धनराशि वसूली जा रही है। शिकायतकर्ता का कहना है कि इस संबंध में एक पत्रावली भी तैयार की गई है, जिसे उच्च अधिकारियों से स्वीकृत कराने के प्रयास किए जा रहे हैं। भाजपा नेता अभिषेक साहू ने अपने पत्र में उल्लेख किया है कि इलाहाबाद उच्च न्यायालय द्वारा रिट संख्या 34879/2023 में 15 दिसंबर 2025 को पारित आदेश के तहत भू-आवंटन की कार्यवाही पर अग्रिम आदेश तक रोक लगाई गई थी। इसके बावजूद आरोप है कि लेखपाल द्वारा किसानों से पट्टे के नाम पर धन वसूला जा रहा है।

शिकायत में कहा गया है कि यदि गांव में निष्पक्ष जांच कराई जाए तो ग्रामीणों से की गई कथित अवैध वसूली की पुष्टि हो सकती है। साथ ही आरोप लगाया गया कि लेखपाल द्वारा न केवल न्यायालय के आदेशों, बल्कि आयुक्त झांसी, जिलाधिकारी, उपजिलाधिकारी महरौनी और तहसीलदार महरौनी के निर्देशों की भी लगातार अवहेलना की जा रही है। अभिषेक साहू ने कहा कि ऐसे मामलों से शासन-प्रशासन की छवि धूमिल हो रही है और भ्रष्टाचार को बढ़ावा मिल रहा है। उन्होंने मांग की कि आरोपी लेखपाल को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर विभागीय एवं दंडात्मक जांच कराई जाए।

ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन का पुनर्गठन किया गया

# राजा तीसरी बार जिलाध्यक्ष, विवेक व अभिलाषा निर्विरोध तहसील अध्यक्ष

पत्रकार दिवस के रूप में मनाई गई संस्थापक की पुण्यतिथि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर



ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के संस्थापक बालेश्वर लालजी की 39वीं पुण्यतिथि पर स्थानीय गणेश शंकर विद्यार्थी पत्रकार भवन में श्रद्धांजलि सभा एवं संगठन की बैठक आयोजित की गई। कार्यक्रम में उपस्थित पत्रकारों ने संस्थापक के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए।

इस अवसर पर उनकी पुण्यतिथि को ग्रामीण पत्रकार दिवस के रूप में मनाया गया। बैठक के दौरान ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन की जिला एवं तहसील इकाई का पुनर्गठन भी किया गया। सर्वसम्मति से सम्राट राजा को तीसरी बार पुनः जिलाध्यक्ष चुना गया, जबकि तहसील इकाई ललितपुर के अध्यक्ष पद पर विवेक जैन अभिलाषा निर्विरोध निर्वाचित हुए। नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष सम्राट राजा ने संस्थापक बालेश्वर लालजी के जीवन एवं संगठन के योगदान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने जिस संगठन की नींव बलिया की धरती पर रखी थी, वह आज विशाल वटवृक्ष बन चुका है और प्रदेशभर के पत्रकारों की आवाज बुलंद कर रहा है। वहीं तहसील अध्यक्ष विवेक जैन अभिलाषा ने कहा कि संगठन सामाजिक सरोकारों के लिए लगातार कार्य करता रहा है और सभी पत्रकार मिलकर इसे और मजबूत बनाएंगे। बैठक में जिला कार्यकारिणी का भी गठन किया गया। इसमें हरिओम निरंजन, प्रियंक सराफ और रामेश्वर पाल को जिला उपाध्यक्ष बनाया गया। भीष्म प्रताप सिंह, तुलसीराम अहिरवार और राजेंद्र गोस्वामी को जिला महामंत्री, अमित कालरा को जिला कोषाध्यक्ष, सुरेंद्र रजक, राजपाल यादव और सोहिब खान को जिला मंत्री नियुक्त किया गया।

इमरान खान को जिला संगठन मंत्री, के.के.दुबे को जिला ऑडिटर तथा मोहित सोनी सहित कई पत्रकारों को जिला कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया। तहसील कार्यकारिणी में नवीन नायक, शिवम तिवारी एवं ऋषभ दुबे को तहसील उपाध्यक्ष, समीर पठान, राजवीर जाट और रमन सरदार को तहसील महामंत्री, पवन बुंदेला, ऋतिक कटारे एवं हर्ष चौबे को तहसील मंत्री बनाया गया। अंकित गुप्ता को तहसील कोषाध्यक्ष, सुधांशु मालवीय को तहसील मीडिया प्रभारी तथा भानु यादव को तहसील संगठन मंत्री की जिम्मेदारी सौंपी गई।

बैंक खाते से रुपए निकाले थे, युवक बाइक का पंचर बनवा रहा था

# तुवन मंदिर के पास दिनदहाड़े बड़ी वारदात की बाइक की डिग्गी तोड़कर 5 लाख रुपए उड़ाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

शहर में दिनदहाड़े हुई टप्पेबाजी की एक बड़ी वारदात ने पुलिस सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। कोतवाली सदर क्षेत्र के अंतर्गत तुवन मंदिर के पास अज्ञात चोरों ने एक युवक की बाइक की डिग्गी का लॉक तोड़कर उसमें रखे 5 लाख रुपये पार कर दिए। घटना उस समय हुई जब युवक बाइक का पंचर बनवा रहा था। वारदात की सूचना मिलते ही पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया और मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

अहिल्याबाई कॉलोनी निवासी बृजेश कुमार पुत्र मोहनलाल मंगलवार दोपहर अपने साथी अमित कुमार सैनी के साथ कंपनी बाग स्थित सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया शाखा पहुंचे थे। वहां अमित कुमार के खाते से 5 लाख रुपये नगद निकाले गए। दोनों युवक रकम को बाइक की डिग्गी में रखकर तुवन मंदिर की ओर जा रहे थे। बताया गया है कि दोपहर करीब 4.30 बजे तुवन मंदिर के मुख्य गेट के पास अचानक बाइक का अगला पहिया पंचर हो गया। इसके बाद बृजेश कुमार मंदिर की बाउंड्री के किनारे स्थित एक पंचर दुकान पर बाइक ठीक कराने लगे। पंचर बनवाने के दौरान हाथों में ग्रीस और मिट्टी लगने पर वह दुकान पर ही हाथ धोने लगे। इसी बीच अज्ञात बदमाशों ने मौका पाकर बाइक की डिग्गी का लॉक तोड़ दिया और उसमें रखे 5 लाख रुपये निकालकर फरार हो गए। जब बृजेश हाथ धोकर वापस लौटे तो डिग्गी खुली देखकर उनके होश उड़ गए। अंदर रखी पूरी रकम गायब थी।

घटना की जानकारी मिलते ही आसपास लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पीड़ित की तहरीर पर कोतवाली ललितपुर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करते हुए बीएनएस की धारा 303(2) के तहत मुकदमा कायम किया है। मामले की जांच उपनिरीक्षक देवराज सिंह को सौंपी गई है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार बैंक परिसर और घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है।

सरकारी जमीन और निजी आवासीय प्लॉट का मामला

# सरकारी जमीन पर कब्जे का आरोप, विरोध करने पर परिवार पर दर्ज कराया मुकदमा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर



मोहल्ला तालाबपुरा में सरकारी जमीन और निजी आवासीय प्लॉट पर कथित अवैध कब्जे का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। पीड़ित परिवार ने कुछ दबंगों और भूमाफियाओं पर सिंचाई विभाग की सरकारी भूमि तथा निजी प्लॉट पर कब्जा करने का आरोप लगाते हुए मुख्यमंत्री को शिकायती पत्र भेजकर निष्पक्ष जांच और कठोर कार्रवाई की मांग की है। साथ ही विरोध करने पर परिवार के खिलाफ झूठा मुकदमा दर्ज कराने का भी आरोप लगाया गया है। तालाबपुरा निवासी सौरभ जैन पुत्र कोमलचन्द जैन द्वारा मुख्यमंत्री को भेजे गए शिकायती पत्र में बताया गया है कि उनकी मां मीना जैन के नाम पर आराजी संख्या 3147 में स्थित एक आवासीय प्लॉट वर्ष 2007 में खरीदा गया था। उक्त प्लॉट पर उनकी मां का वैधानिक स्वामित्व है। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि कुछ दबंग लोगों द्वारा संगठित रूप से उनके प्लॉट पर कब्जा करने का प्रयास किया जा रहा है। साथ ही आरोप है कि इन लोगों ने पास स्थित सिंचाई विभाग की करीब 1100 वर्गफीट सरकारी भूमि पर भी अवैध कब्जा कर रखा है। सौरभ जैन का कहना है कि जब उनके परिवार ने इस कथित कब्जे का विरोध किया और प्रशासनिक अधिकारियों से शिकायत की, तब सिंचाई विभाग की टीम ने मौके पर जांच भी की थी। शिकायतकर्ता के अनुसार जांच में कब्जा अवैध पाया गया, लेकिन इसके बावजूद अब तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई। पीड़ित परिवार ने आरोप लगाया कि शिकायत करने से नाराज होकर विपक्षी पक्ष ने रंजिशन उनके खिलाफ कोतवाली ललितपुर में मुकदमा दर्ज करा दिया।

कांग्रेस कार्यालय में श्रद्धा के साथ मनाई गई पं.जवाहर लाल नेहरू की पुण्यतिथि

# पूर्व पीएम नेहरू को श्रद्धांजलि देकर लोकतंत्र व भाईचारे को मजबूत करने का संकल्प लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर




देश के प्रथम प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न पं.जवाहर लाल नेहरू की पुण्यतिथि बुधवार को जिला कांग्रेस कार्यालय में श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। कार्यक्रम नगराध्यक्ष रामनरेश दुबे की अध्यक्षता में आयोजित हुआ, जिसमें कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने नेहरू के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी।

इस दौरान दो मिनट का मौन रखकर उनके महान योगदान को याद किया गया। आयोजित गोष्ठी में नगराध्यक्ष ने कहा कि पं.जवाहर लाल नेहरू आधुनिक भारत के निर्माता थे। उन्होंने देश को लोकतंत्र, धर्मनिरपेक्षता और वैज्ञानिक सोच की मजबूत नींव प्रदान की। उनके नेतृत्व में भारत ने शिक्षा, उद्योग, कृषि एवं विज्ञान के क्षेत्र में नई उपलब्धियां हासिल कीं। उन्होंने कहा कि नेहरू ने बड़े-बड़े बांध, सार्वजनिक उद्योग, आईआईटी, वैज्ञानिक संस्थान और शिक्षा केन्द्र स्थापित कर देश को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में ऐतिहासिक कार्य किए। उनका संपूर्ण जीवन देश की एकता, अखंडता तथा गरीब, किसान, मजदूर और युवाओं के उत्थान के लिए समर्पित रहा। रामनरेश दुबे ने कहा कि पंडित नेहरू बच्चों से अत्यधिक स्नेह करते थे, इसी कारण उन्हें चाचा नेहरू के नाम से जाना जाता है। उनका सपना था कि भारत शिक्षा, विज्ञान और भाईचारे के मार्ग पर आगे बढ़े तथा विश्व में एक मजबूत राष्ट्र के रूप में अपनी पहचान बनाए। उन्होंने आगे कहा कि वर्तमान समय में देश को पं.नेहरू के विचारों और आदर्शों को अपनाने की आवश्यकता है। लोकतंत्र और संविधान की रक्षा के लिए उनके सिद्धांत आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं।

## नमाज के बाद एक दूसरे को गले लगाकर दी मुबारकबाद, बाद में दी कुर्बानी

# उत्साह से मना ईदुज्जुहा पर्व, ईदगाह सहित 8 मस्जिदों में हुई नमाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

त्याग और कुर्बानी का प्रतीक ईदुअज्जुहा का पर्व गुरुवार को जिले भर में उत्साह पूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर मुस्लिम समाज के हजारों लोगों ने शहर स्थित ईदगाह सहित 8 मस्जिदों में पहुंचकर नमाज अदा की और अल्लाह के लिए कुर्बानी दी। इस कुर्बानी का प्रतीक बने घरों में पाले गए वे जानवर, जिन्हें अल्लाह के नाम पर कुर्बान किया गया। ईद का मुख्य समारोह ऐतिहासिक ईदगाह में हुआ, जहां शहर काजी अतीक उल्ला कुरैशी ने नमाज अदा कराई। इसके आलावा शहर की 7 मस्जिदों में भी नमाज अदा की गई. नमाज के बाद लोगों ने एक-दूसरे के गले मिलकर ईद की मुबारकवाद दी।



### नायब काजी ने पढ़ाई विजयपुर में नमाज

विजयपुर में नायब काजी सहादत हुसैन ने नमाज अदा कराई। ज्ञात हो कि सबलगढ़ और विजयपुर काजी अजीजुल्लाह कुरैशी के अधिपत्य में आने वाले शहर हैं, जहां नमाज पढाने का उन्हें अधिकार है इस बार वह अपने पुत्र के साथ हज पर गए हैं। इसलिए सबलगढ़ में जहां मस्जिद के इमाम ने ईदगाह में नमाज पढाई, वहीं हमेशा की तरह विजयपुर में उनके नायाब शहादत हुसैन ने नमाज पढ़ाई नमाज के बाद सभी ने एक दूसरे को गले लगा कर मुबारकबाद दी।



### सड़कों पर नमाज नहीं पढ़ने पर रहा ध्यान केंद्रित

इस बार पुलिस और प्रशासन का पूरा ध्यान मस्जिदों के बाहर सड़कों व आम रास्तों पर नमाज नहीं पढ़ने को लेकर अधिक रहा। ज्ञात हो कि शांति समिति की बैठक में प्रशासन सड़कों और आमरास्तों पर किसी भी तरह की नमाज नहीं पढ़ने की हिदायत दी थी, हालांकि तब मुस्लिम समाज ने उन्हें बता दिया था कि ईद की या कोई और नमाज श्योपुर में मुस्लिम समाज सड़कों पर नहीं पड़ता है। सभी नमाज मस्जिद के भीतर अदा होती है इसके बावजूद प्रशासन का ध्यान मस्जिदों पर रहा भारी संख्या में पुलिस भी तैनात रही लेकिन हमेशा की तरह कहीं भी मस्जिद के बाहर सड़क पर नमाज नहीं हुई।

## वृंदावन धाम से पधारे कथा व्यास सुरेन्द्र महाराज करेंगे कथा का वाचन

# आज कलश यात्रा के साथ होगा श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

शहर के पाली रोड क्षेत्र स्थित जाट छात्रावास में 29 मई से संगीतमयी श्रीमद भागवत कथा का आयोजन शुरू होने जा रहा है। जिसकी सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। इस भागवत कथा की शुरूआत कलश यात्रा के साथ होगी। गाजेबाजे के साथ कलश यात्रा वार्ड क्रमांक 10 स्थित श्री रामजानकी मंदिर से आरंभ होगी। कलश यात्रा में बडी संख्या में महिला और बालिकाएं सिर पर कलश लेकर चलेगी। यह कलश यात्रा प्रमुख मार्गो से होते हुए कथा स्थल जाट छात्रावास पर पहुंचेगी। जहां विधिवत देव पूजन



उपरांत श्रीमद भागवत कथा का मंगलाचरण आरंभ होगा।


कथा यजमान सेवा निवृत्त पटवारी राधेश्याम वर्मा ढोढर वालों ने बताया कि कथा वाचन श्रीवृंदावनधाम से पधारे आचार्य सुरेन्द्र महाराज के द्वारा अपनी मधुरवाणी से किया जाएगा। 29 मई को कलश यात्रा के साथ आरंभ होने वाली श्रीमद भागवत कथा में 30 मई को शुकदेवजी का जन्म, राजा परीक्षित को कथा सुनाना, 31 मई को सती चरित्र, धुरव चरित्र, भरत चरित्र, नर सिंह अवतार, प्रहलाद चरित्र, 1 जून को राम अवतार, कृष्ण जन्म प्रसंग,2 जून को गोवर्धन पूजा,3 जून को महारास, कंश वध, रूकमणि विवाह, 4 जून को विवाहो का वर्णन, सुदामा चरित्र का प्रसंग का वर्णन किया जाएगा। कथा का समय दोपहर एक बजे से शाम 5 बजे तक रहेगा। इस श्रीमद भागवत कथा का विश्राम 4 जून गुरूवार को होगा। जबकि समापन 5 जून शुक्रवार को विधिवत पूर्णाहुति और भंडारे के साथ किया जाएगा।

# 25 साल बाद मछली मार्केट वाले नाले की सफाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

कलेक्टर शीला दाहिमा के निर्देश पर मानसून पूर्व जल भराव की स्थिति से निपटने के उद्देश्य चलाए जा रहे सफाई अभियान के क्रम में नगर पालिका ने गुरुवार को मछली मार्केट में बने उस नाले की सफाई कराई जिसमें 25 साल से सफाई करने तक कोई नहीं पहुंचा था। इस बार उक्त नाले में नगर पालिका ने जेसीबी से सफाई कराई।

मछली मार्केट का नाला सबसे अधिक जल भराव की स्थिति निर्मित करता है। ज्ञात हो कि गांधी पार्क के पास, सोना लॉज के पीछे होते जो मुख्य नाला बंजारा डेम में प्रवाहित होता है वो मछली मार्केट वाले नाले से होकर जाता है एवं टोडी गणेश बाजार से नालों एवं सड़क से पानी पुल दरवाजे से होता हुआ भी मछली मार्केट वाले नाले से होकर सीप में प्रवाहित होता है, लेकिन सफाई नहीं होने की वजह से बारिश का पानी उतने वेग से नहीं निकल पाता जिसकी उम्मीद की जाती है। यही कारण है कि पुल दरवाजे पर दो से ढाई फीट तक पानी बारिश के दौरान भर जाता है इस बार नगर पालिका अध्यक्ष रेनू राठौर के निर्देश पर उक्त नाले की तला झाड़ सफाई हुई हुई है। लोगों ने बताया कि इस तरह की सफाई



होते उन्होंने पहली बार देखा है, इस नाले की सफाई होने से लोगों को उम्मीद है कि अब जल भराव की स्थिति पुल दरवाजा के पास उतनी अधिक देखने को नहीं मिलेगी जितनी हमेशा देखी जाती है।

# परिवहन विभाग की कार्रवाई, बगैर नंबर प्लेट वाहनों से 29 हजार की राजस्व वसूली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

सुप्रीम कोर्ट के निर्देशानुसार तथा परिवहन आयुक्त एवं कलेक्टर शीला दाहिमा के मार्गदर्शन में परिवहन विभाग द्वारा चलाये जा रहे सघन चेकिंग अभियान अंतर्गत बगैर नंबर प्लेट के वाहनों का संचालन पाये जाने सहित अन्य वैद्य दस्तावेजों के संचालन की स्थिति पर वाहनों से 29 हजार राजस्व की वसूली की गई है।

जिला परिवहन अधिकारी रंजना कुशवाह के नेतृत्व में गठित दल द्वारा जिले में अवैध रेत उत्खन्न एवं परिवहन पर प्रभावी नियंत्रण हेतु परिवहन विभाग द्वारा सघन जांच अभियान संचालित किया जा रहा है। अभियान के दौरान ट्रेक्टर, डंपर, बिना प्लेट एवं बिना वैद्य दस्तावेज के पाये जाने पर कार्रवाई की गई है। जाटखेड़ा, भोगिका एवं नवीन बायपास रोड, दांतरदा, सामरसा,



मानपुर, ढोढर क्षेत्र में दो दिन से जारी अभियान के तहत बगैर नंबर प्लेट वाहनों तथा 5 भूसे के ट्रेक्टरों पर चालानी कार्रवाई करते हुए 29 हजार रूपये की राजस्व वसूली की गई है तथा रेत खनन कार्य करने वाले ट्रेक्टर, डंपर, जेसीबी के वाहन स्वामी अपने वाहनों में जीपीएस डिवाइस तथा एचएसआरपी नंबर प्लेट और वाहन के संपूर्ण दस्तावेज होने पर संचालन कर सकेंगे, अन्यथा की स्थिति में कार्रवाई की जायेगी। इस दौरान रेत का अवैध परिवहन पाये जाने पर संबंधित वाहन को कार्यवाही के लिए खनिज अथवा चंबल घडियाल सेंचुरी के अधिकारियों को जब्ती में दिया जायेगा।

उल्लेखनीय है कि अवैध रेत के खनन एवं परिवहन को रोकने के लिए परिवहन विभाग, खनिज विभाग, वन विभाग और पुलिस विभाग की टीमें संयुक्त रूप से कार्य कर रही है।

# माधव गोसेवा समिति सदस्यों ने राहगीरों को शरबत पिलाकर गर्मी से दिलाई राहत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

माधव गोसेवा समिति के सदस्यों ने शहर के शिवपुरी रोड पर ईको सेंटर के पास स्टॉल लगाकर राहगीरों को शरबत पिलाया और उन्हें गर्मी से राहत प्रदान की। शरबत वितरण के दौरान मौजूद समिति सदस्यों केशव आर्य , रवि मुहर ,अभिषेक, आनंद, हर्षित ,देव,रोहित, विवेक आदि ने बताया कि बढ़ती गर्मी में मानव सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है और इसी उद्देश्य से यह सेवा कार्य किया गया। समिति सदस्यों ने इस तरह के सेवा कार्य आगे भी किए जाएंगे।



### विश्व माहवारी स्वच्छता दिवस कार्यक्रम आयोजित

श्योपुर। विश्व माहवारी स्वच्छता दिवस के अवसर गुरुवार को काउंसलरों ने बालिका छात्रावास पर पहुंचकर कार्यशाला आयोजित की जिसमें किशोरियों को माहवारी स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम काउंसलर विप्लव शर्मा ने किशोरियों को माहवारी स्वच्छता से जुड़ी जानकारी दी और संतुलित आहार, आयरन की गोलियों के महत्व एवं माहवारी के दौरान बरती जाने वाली आवश्यक सावधानियों के बारे में बताया। इस दौरान आरकेएसके मास्टर ट्रेनर लक्ष्मी मौर्य ने किशोरियों को सैनिटरी नैपकिन के सही उपयोग की जानकारी दी। आशीष मिश्रा द्वारा माहवारी से संबंधित प्रश्न–उत्तर गतिविधि आयोजित की गई, जिसमें किशोरियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस दौरान सत्येन्द्र सिंह, भारती सिकरवार सहित किशोरियां भी उपस्थित रहीं।

# मानपुर से लापता दो बहनें जयपुर में मिली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

मानपुर कस्बे से लापता हुई दो सगी बहनें मिल गई हैं। उन्हें मानपुर थाना पुलिस ने राजस्थान के जयपुर से बरामद कर लिया है। बता दें कि ग्राम मानपुर निवासी रईस मुसलमान की दो बेटियां नाजरीन 20 वर्ष और कशिश 19 वर्ष बीते रोज तब रहस्यमय तरीके से लापता हो गई,जब यह दोनों घर से पोहा लेने के लिए निकली थी। काफी तलाश करने के बाद भी जब इनका कोई पता नहीं चला, तो परिजनों ने मानपुर थाने पहुंचकर इसकी रिपोर्ट दर्ज कराई। मानपुर टीआई सतीश कुमार दुबे ने बताया कि दोनों बहनें राजस्थान के जयपुर में मिल गई है। दोनों बहनों को लेने के लिए थाने की एक पुलिस टीम को जयपुर भेजा गया है। मानपुर टीआई दुबे ने बताया कि दोनो बहने बालिग है,इसलिए उनसे मानपुर लाने के बाद पूछताछ करने के उपरांत इस मामले में आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# पूर्व विधायक की गाड़ी के ड्राइवर से मारपीट भाजपा कोषाध्यक्ष समेत चार पर एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व विधायक दुर्गालाल विजय की गाड़ी चलाने वाले ड्राइवर जयप्रकाश आर्य के साथ गाड़ी हटाने की बात को लेकर मारपीट कर दी गई। इस मामले में कोतवाली थाना पुलिस ने भाजपा कोषाध्यक्ष सुमित सिंहल समेत चार लोगों के खिलाफ मारपीट और एससीएसटी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है। कोतवाली थाना पुलिस ने बताया कि वार्ड क्रमांक 12 निवासी जयप्रकाश उर्फ जेपी आर्य पुत्र मांगीलाल ने कोतवाली थाने में आकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह पूर्व विधायक दुर्गालाल विजय की गाड़ी पर ड्राइवरी करता है। बीती शाम को सोनालॉज के सामने जब मैं गाड़ी बैक कर रहा था,तभी मेरे पीछे की ओर सुमित सिंहल, राजू सिंहल, आशीष सिंहल तथा एक अन्य व्यक्ति फॉर व्हीलर गाड़ी से आए और उन्होने मेरी गाड़ी के पीछे अपनी गाड़ी खड़ी कर दी। जब उनसे गाड़ी हटाने की कही तो वे भड़क गए और उनके द्वारा गाली गलौज और जातीय अपमान करते हुए लातघूसों से मारपीट कर दी। पुलिस ने इस मामले में सुमित सिंहल, राजू सिंहल, आशीष सिंहल तथा एक अन्य व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

### ड्राइवर पर भी मामला दर्ज

इस मामले में कोतवाली थाना पुलिस ने आशीष सिंहल की शिकायत पर भाजपा के पूर्व विधायक की गाड़ी के ड्राइवर जयप्रकाश आर्य पर भी मारपीट का मामला दर्ज कर लिया है। कोतवाली पुलिस ने बताया कि आशीष पुत्र किशनकुमार सिंहल निवासी गणेश गली टोडी बाजार श्योपुर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि बीती शाम को जब वह अपने भाई सुमित सिंहल के साथ बस स्टैंड की तरफ जा रहा था,सोनालॉज के पास पहुंचा तो वहां जयप्रकाश आर्य भी अपनी गाडी से पुराना अस्पताल की तरफ जा रहा था, जिसने गाली गलौज करते हुए कहा अपनी गाड़ी को पीछे ले। मैंने गालियां देने से मना किया तो जयप्रकाश ने गाड़ी से नीचे उतरकर मारपीट शुरू कर दी। वहीं जमीन से पत्थर उठाकर गाड़ी में नुकसान भी पहुंचाया।

# चोरों ने स्कूल का ताला तोड़ किया सामान चोरी, स्कूल प्रबंधन ने दर्ज कराई रिपोर्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

जिले में आए दिन होने वाली चोरी की घटनाओ में बीते दिनों तब इजाफा हो गया, जब अज्ञात चोरों ने शासकीय मिडिल स्कूल पांडोला का ताला तोड़कर सामान चोरी कर ले गए। जानकारी मिलने पर स्कूल प्रबंधन ने बड़ोदा थाना पहुंचकर चोरों को तलाशने की मांग करते हुए एफआईआरदर्ज कराने के लिए आवेदन दिया। स्कूल प्रबंधन द्वारा दिए गए आवेदन में उल्लेख किया है कि आज्ञात चोर रात को स्कूल का ताला तोड़ अंदर रखा सामान चोरी करके ले गये हैं जिसमें छत का पंखा, व्हील चेयर, पानी की टंकी बड़ी, गैस भट्टटी एक, बाल्टी दे), स्टील की टंकी हैडपम्प के सात पाइप, प्लास्टिक पांच बाल्टी , तसले फावडे, एक फर्श (दरी) व बच्चों को खाना खिलाने वाले बर्तन चोरी कर ले गए। चोर अपने साथ स्कूल का रजिस्टर भावचर और किवाड़, ताले भी साथ ले गए।

## खरीदी केन्द्रों पर 11,076 किसानों ने बेचा गेहूं, 12,613 किसानों ने बुक कराए थे स्लॉट

# समर्थन मूल्य पर खरीदा 1.25 लाख मैट्रिक टन से ज्यादा गेहूं, चार साल का रिकॉर्ड टूटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

श्योपुर जिले में इस बार समर्थन मूल्य पर गेहूं की रिकॉर्ड खरीद की गई है। इसके साथ ही पिछले 4 साल के गेहूं खरीदी का रिकॉर्ड भी टूट गया है। इस साल जिले में समर्थन मूल्य पर बनाए गए गेहूं खरीद केन्द्रों पर 1 लाख 25 हजार 297 मैट्रिक टन गेहूं खरीदा गया है। जो गुजरे 4 सालों के दौरान समर्थन मूल्य पर सबसे ज्यादा गेहूं की खरीदी है। वैसे तो समर्थन मूल्य पर गेंहू बेचने के लिए जिले के 12 हजार 613 किसानों ने स्लॉट बुक कराए थे, लेकिन गुरूवार की दोपहर 3 बजे तक जिले के गेहूं खरीद केन्द्रों पर 11 हजार 76 किसानों के द्वारा ही अपना गेंहू बेचा गया है। 1500 से ज्यादा किसान स्लॉट बुक कराने के बाद भी गेंहू खरीद केन्द्रों पर गेहूं बेचने के लिए नहीं पहुंचे है।

हालांकि इतने सारे किसान गेंहू बेचने के लिए क्यों नहीं पहुंचे, इसका स्पष्ट कारण तो फिलहाल मालूम नहीं चल सका है,लेकिन किसान संगठनों का आरोप है कि गेंहू खरीदी केन्द्रों पर अव्यवस्थाओं का आलम इतना अधिक था कि कुछ किसान हिम्मत हारकर वापस लौट गए तो कुछ किसान बेचने के लिए पहुंचे ही नहीं है। बताना होगा कि श्योपुर जिले में इस साल समर्थन मूल्य पर गेंहू खरीदने के लिए 33 गेंहू खरीद केन्द्र स्थापित किए गए थे। वहीं सलमान्या सायलो केन्द्र भी शुरू किया गया। गेंहू खरीद केन्द्रों पर गेंहू बेचने के लिए जिले के 18 हजार 74 किसानों के द्वारा ऑनलाइन पंजीयन कराया था। इसके बाद जिले के 12613 किसानों ने समर्थन मूल्य पर अपना गेंहू बेचने के लिए स्लॉट बुक कराया। गुरूवार 28 मई गेंहू खरीदी की अंतिम तारीख थी, अंतिम दिन होने के बाद जिले के कई गेंहू खरीद केन्द्रों पर गेंहू विक्रय करने के लिए पहुंचे किसानों की भीडभाड नजर आई। आपूर्ति विभाग के अधिकारियों की माने तो 28 मई की दोपहर 3 बजे तक जिले के गेंहू खरीद केन्द्रों पर 11076 किसानों से 1 लाख 25 हजार 237 मैट्रिक टन गेंहू खरीदा गया। चूंकि गेंहू खरीदी शाम तक चली,इसलिए गेंहू खरीदी के आंकडो में मामूली बढोत्तरी होने की संभावना विभागीय अधिकारी व्यक्त कर रहे है।



### चार साल में रिकॉर्ड गेहूं की खरीदी

यूं तो जिले में समर्थन मूल्य पर हर साल गेंहू की खरीदी की जाती है,लेकिन इस बार जिले में गुजरे 4 सालो के दौरान रिकॉर्ड गेंहू की खरीदी की गई है। बता दें कि पिछले साल जिले में 1 लाख 18 हजार 181 मैट्रिक टन गेंहू की खरीदी हुई थी। पिछले साल इतना गेंहू जिले के 9 हजार 535 किसानों से खरीदा गया था, जो गुजरे 3 सालो में समर्थन मूल्य पर सर्वाधिक गेंहू की खरीदी थी, मगरयह रिकॉर्ड इस टूट गया है,क्योंकि इस बार पिछले से अधिक 1 लाख 25 हजार 237 मैट्रिक टन गेंहू की खरीद हुई है।

### अव्यवस्थाओं के कारण कई किसान हार गए हिम्मत

गेंहू खरीदी केन्द्रों पर की गई गेंहू की खरीदी के दौरान भलेही विभागीय अधिकारी किसी तरह की कोई परेशानी न आने की बात कह रहे है,लेकिन किसान संगठन गेंहू खरीदी केन्द्रों पर कई तरह की अव्यवस्था होने का आरोप लगा रहे है। भारतीय किसान संघ के जिलाध्यक्ष नरेन्द्र सिंह चैधरी ने बताया कि गेंहू खरीद केन्द्रों पर अव्यवस्थाओं के कारण किसानों को काफी परेशानियां उठानी पडी और हंगामे की स्थितियां निर्मित हुई। इस बार एक तो देरी से गेंहू की खरीदी शुरू की गई है,उसके बाद समय से पहले सायलो केन्द्र पर गेंहू की खरीदी बंद कर दी गई है। जिसकारण कई गेंहू खरीद केन्द्रों पर किसानों को गेंहू बेचने के लिए दो से तीन राते गुजारनी पडी। इस तरह की परेशानियों को देखकर कई किसान हिम्मत हार कर मैदान छोड गए और स्लॉट बुक कराने के बाद अपना गेहू विक्रय करने के लिए नहीं पहुंचे।

### पिछले चार साल में गेहूं की खरीदी एक नजर में

| वर्ष | पंजीयन | किसान | खरीदी |
|---|---|---|---|
| 2023-24 | 15824 | 8007 | 98269 |
| 2024-25 | 20001 | 4731 | 56443 |
| 2025-26 | 19679 | 9535 | 118181 |
| 2026-27 | 18074 | 11076 | 125237 |

नोट: गेंहू की खरीदी मैट्रिक टन में है

### रिकॉर्ड खरीदी

इस साल जिले में समर्थन मूल्य पर गुजरे 4 सालों के दौरान सबसे अधिक गेहूं की खरीदी हुई है। सभी गेहूं खरीदी केन्द्रों पर शासन के निर्देशानुसार किसानों से उनका गेहूं खरीदने के लिए समुचित व्यवस्था की गई थी। कहीं कोई अव्यवस्था नहीं थी।

**विजय शाक्य**
**प्रभारी जिला आपूर्ति अधिकारी,श्योपुर**

# पुरुषोत्तम मास की पूर्णिमा पर निकलेगी पर्यावरण संरक्षण संकीर्तन परिक्रमा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

नगर संकीर्तन परिक्रमा समिति पुरुषोत्तम मास की पूर्णिमा के उपलक्ष्य में रविवार 31 मई को पानी पेड़ पर्यावरण संरक्षण संकीर्तन परिक्रमा निकालेगी। समिति प्रमुख रामअवतार शर्मा ने बताया कि पुरुषोत्तम मास की पूर्णिमा पर यह परिक्रमा रविवार को तड़के 4:30 बजे शहर के गांधी पार्क स्थित श्री खेडापति हनुमान मंदिर से आरंभ होगी, जो मुख्य बाजार, बोहरा बाजार, ब्राह्मण पाडा, पुल दरवाजा, बड़ौदा रोड,पुराना बस स्टैंड, चंबल कॉलोनी होते हुए बायपास रोड क्षेत्र स्थित श्री केदारेश्वर महादेव मंदिर पर पहुंचेगी, जहां परिक्रमा का अर्थविश्राम एवं स्वागत सत्कार होगा।

इसके बाद परिक्रमा का शिवपुरी रोड स्थित श्री गिरवर धारी हनुमान मंदिर पर स्वागत सत्कार होगा, यहां से परिक्रमा रेलवे स्टेशन,गांधी पार्क खेड़ापति हनुमान मंदिर होते हुए श्री मंशापूर्ण हनुमान मंदिर पुरानी सब्जी मंडी पहुंचेगी,जहां प्रसाद वितरण के साथ में परिक्रमा का समापन होगा।

# मनीषा को हटाया, अब दर्शन लाल बौद्ध होंगे श्योपुर के तहसीलदार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

श्योपुर के नए तहसीलदार अब दर्शनलाल बौद्ध होंगे। कलेक्टर शीला दाहिमा ने इस तरह के आदेश जारी कर दिया है। दरअसल श्योपुर तहसीलदार मनीषा मिश्रा को कलेक्टर ने श्योपुर तहसीदार पद से हटाकर निर्वाचन कार्यालय में पदस्थ कर दिया है। जबकि उनकी जगह कार्यपालिक मजिस्ट्रेट तहसील श्योपुर की जिम्मेदारी देख रहे प्रभारी नायब तहसीलदार दर्शनलाल बौद्ध को श्योपुर तहसीलदार का प्रभार सौंप दिया गया है।

### प्रवेश के लिए पंजीयन 31 तक

श्योपुर। शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय श्योपुर में प्रवेश की प्रक्रिया शुरू हो गई है, प्रवेश लेने की अंतिम 31 मई 2026 निर्धारित है। प्राचार्य महाविद्यालय ने बताया कि वर्तमान में महाविद्यालय की तीन ब्रांच सिविल इंजीनियरिंग, कम्प्युटर साइंस इंजीनियरिंग एवं मैकेनिकल इंजीनियरिंग संचालित है। इच्छुक विद्यार्थी इन ब्रांचो में प्रवेश के लिए महाविद्यालय आकर रजिस्टर में अपना पंजीयन करा सकते हैं।

## खबर संक्षेप

### वाहन की टक्कर से दो बाइक सवारों की मौत

**अशोकनगर।** जिले के देहात थाने के अंतर्गत आरोन रोड़ पर पेट्रोल पंप के समीप भौंरा खाती के पास बाइक से जा रहे बृजेन्द्र अहिरवार और उसके भतीजे राहुल अहिरवार की बाईक में किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी, घटना मंगलवार की शाम 7.30 बजे की है, इस घटना मे दोनों बाइक सवारों की मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है।

### जिले में मारपीट की घटनाओं के मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के शाढ़ौरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत कंचनपुर चक्क निवासी नैनी बाई ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी मनदीप कौर, गुरदीप सिक्ख, भूरी आदिवासी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के ईसागढ थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम जंघार निवासी बाबूलाल लोधी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी राजवीर, हटे सिंह, इन्द्रभान सिंह लोधी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। इसी घटना में दूसरे पक्ष की ओर से इन्द्रभान सिंह लोधी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि मुसाब लोधी, धमेन्द्र और राहुल लोधी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के बहादुरपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम जारौली बुजुर्ग निवासी फूलबाई अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी सोनू अहिरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के सेहराई थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बम्मन खिरिया निवासी प्रताप अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी अरबिंद अहिरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

### बुजुर्ग महिला को इलाज के लिए भर्ती कराया



**अशोकनगर।** नई सराय तहसील क्षेत्र के ग्राम बीसोर के सपेरा बस्ती में रहने वाली गरीब परिवार से इमरती देवी नाथ उम्र 80 वर्ष जो बीमारी से तड़प रही थी जैसे ही नईसरांय समाज सेवियों को सूचना मिली। समाजसेवी विवेक भार्गव अपने समाज सेबी टीम के साथ ग्राम वीसौर सपेरा बस्ती में पहुंचे जहां सभी ने मिलकर उसका सहयोग कर इमरती देवी नाथ की मदद कर गुना हॉस्पिटल में भर्ती कराया। उन्होंने बताया कि कई महीने से बीमारी से तड़प रही थी परिवार में कोई देखरेख करने वाला नहीं था पति पत्नी दोनों मजदूरी कर अपना पेट भरते थे। परिवार में लड़कों ने उनका साथ छोड़ दिया है समाज सेवी टीम की मदद से बुजुर्ग अम्मा को अस्पताल में भर्ती कर उपचार कराया युवा समाज सेवी देव रघुवंशी ,अक्षय प्रताप रघुवंशी, नैतिक शिवहरे, सभी लोगो कि मदद से गरीब महिला का इलाज शुरू करवाया समाज सेवियों ने कहा हम सब मिलकर सहयोग करते रहेंगे।

## दिन में तीखी तपन, गर्म हवा से सड़कों पर सन्नाटा पसर जाता

# नौतपा में प्रचंड गर्मी, तापमान 44 डिग्री सेल्सियस पर, सूरज उगल रहा आग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर







जिले में नौतपा की जिस दिन से शुरूआत हुई है उस दिन से प्रचंड गर्मी पड़ रही है जैसा कि कहा जाता है कि नौतपा में सबसे अधिक गर्मी पड़ती है, वह हकीकत में अशोकनगर जिले में देखने मिल रही है। तापमान नौ तपा शुरू होने के पहले दिन से 44 डिग्री सेल्सियस से ऊपर चल रहा है। सूरज की तीखी तपन, गर्म हवा, और सड़कों पर सन्नाटा यह सब नौ तपा में देखनों को मिल रहा है।

### पिछले तीन दिनों से तापमान 44 डिग्री सेल्सियस

जिले में 25 मई से नौ तपा की शुरूआत हुई थी यह नौ तपा नौ दिन तक चलते हैं, इन नौ दिनों में सबसे अधिक गर्मी पड़ती है, 25 मई को अशोकनगर जिले का तापमान 44.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था, 26 मई को तापमान 44.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था, 27 मई को तापमान 44 डिग्री सेल्सियस रहा। इन दिनों तीखी गर्मी पड़ने के कारण जिले में सूर्य का उदय 5.33 बजे हो रहा है और सूर्य अस्त होने का समय 7.3 बजे हो रहा है। सूर्य अस्त होने के बाद रात 10 बजे तक ऐसी गर्म हवाएं चल रही हैं जिसकी कल्पना भी लोगों ने नहीं की थी, गर्मी में यह प्रचंड तापमान अगर आने वाले नौ तपा के शेष दिनों में भी रहा, तो आप गर्मी की कल्पना कर सकते हैं कि स्थिति क्या होगी।

### बिजली गायब होने से लोग न तो घर के अंदर सो पा रहे हैं न घर के बाहर

अशोकनगर जिले में गर्मी का यह भयावह रूप लोगों को डरा रहा है, लोग जल्दी से इस बात की प्रार्थना कर रहे हैं कि कब मौसम में बदलाव आए कब केरल में मानसून दस्तक दे, कब मध्यप्रदेश में प्री मानसून की बर्षा की शुरूआत हो। गर्मी से परेशान लोग न तो घर में बैठ पा रहे हैं, न मकान की छत पर सो पा रहे हैं अगर घर में बैठते हैं तो बिजली भी सौतन बनकर बैठी है, बिजली भी तब जाती है जब लोग गहरी नींद में होते हैं, जिससे उनकी नींद खराब हो रही है और घर के बाहर अगर सोते हैं तो मच्छरों का प्रहार हो रहा है। न घर में सो पा रहे हैं न बाहर सो पा रहे हैं, हालात यह है कि जब तक मौसम में बदलाव नहीं आता तब तक लोगों को राहत मिलने वाली नहीं है।

### घर से बाहर निकलने में लोग बरत रहे हैं सावधानियां

गर्मी के इस मौसम में लोग घर से बाहर निकलने में सावधानी बरत रहे हैं कोई चेहरे को ढक कर चल रहा है तो कोई जेब में प्याज रखकर चल रहा है। अभी तक तो महिलाएं चेहरे के साथ अपने हाथों को ढककर चलतीं थी अब पुरूष भी महिलाओं के तरह पूरे शरीर को ढककर चल रहे हैं। धूप से बचने के लिए किसी के हाथ में छाता है तो किसी को छाव की तलाश है, ऐसे में समाजसेवीयों द्वारा जगह जगह शहर में लगाई गईं पानी की प्याऊ राह चलते लोगों की प्यास बुझाकर राहत दे रही हैं। शहर में प्रतिदिन कईं कारणों से 5000 हजार से अधिक लोगों का आवागमन होता है ऐसे में उन्हें मटके का ठंडा पानी राहत दे रहा है। देखना है कि आने वाले दिनों में गर्मी का क्या स्वरूप होता है।

### इलेक्ट्रॉनिक्स व्यापारियों के यहां बड़ा कारोबार चमका

तीखी गर्मी के बीच मकान गर्मी से तप रहे हैं, जैसे आग उगल रहे हों, पंखे गर्म हवा फेंक रहे हैं, ऐसे में लोगों को कूलर और एसी की मदद लेनी पड़ रही है। पिछले 20 दिनों में अशोकनगर के इलेक्ट्रोनिक व्यापारियों ने जो कारोबार किया है उसकी कल्पना भी इन व्यापारियों ने नहीं की थी, कईं सालों से रखे कूलर तो बिक ही गए, साथ में जो नए कूलर मंगवाए थे वह भी बिककर साफ हो गए नए कूलर और मंगाने पडें हैं। शहर में इन इलेक्ट्रोनिक व्यापारियों के बारे न्यारे हो गए हैं, उन्होंने गर्मी की अधिकता और अधिक मांग होने के कारण कीमत भी अधिक वसूली, जो कूलर रिपयेरिंग मांग रहे थे उन्हें भी ठीक करके बेच दिया।

## प्रशासन ने की कार्रवाई

# प्रतिबंध के बावजूद दौड़ रहीं बोरिंग गाड़ियां, एक जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पिपरई



जिले में बोरिंग (नलकूप) गाड़ियों पर लगाए गए प्रशासनिक प्रतिबंध के बावजूद खुलेआम गाड़ियों का संचालन जारी है। इसी क्रम में मुंगावली एसडीएम के आदेश के बाद नायब तहसीलदार पिपरई ने कार्रवाई करते हुए एक बोरिंग गाड़ी को पकड़कर जब्त कर पिपरई थाने में रखवाया है। इस कार्रवाई के बाद क्षेत्र में बोरिंग संचालन को लेकर फिर चर्चाएं तेज हो गई हैं।

जानकारी के अनुसार मुंगावली एसडीएम इसरार खान ने बताया कि आरोली गांव में शुक्रवार सुबह लगभग 9 से 10 बजे के बीच एक बोरिंग गाड़ी बिना अनुमति के नलकूप खनन करते हुए पकड़ी गई। बताया गया कि यह बोर बलबीर पुत्र गजराम सिंह यादव के यहां किया जा रहा था। मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल नायब तहसीलदार पिपरई को जांच के निर्देश दिए गए हैं। एसडीएम खान के अनुसार जांच में यह भी पता लगाया जाएगा कि किस एजेंट या माध्यम से उक्त बोरिंग गाड़ी को क्षेत्र में संचालित कराया जा रहा था। जांच पूरी होने के बाद नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

गौरतलब है कि जिले में 13 मार्च से बोरिंग गाड़ियों के संचालन पर प्रतिबंध लगाया गया है, लेकिन जमीनी स्तर पर इसका असर सीमित दिखाई दे रहा है। क्षेत्रीय लोगों के मुताबिक जिले में करीब एक दर्जन बोरिंग गाड़ियां सक्रिय हैं, जिनमें मुंगावली, पिपरई और बहादुरपुर क्षेत्र में सबसे ज्यादा संचालन होने की चर्चा है। आरोप है कि कुछ गाड़ियां रात के अंधेरे में काम कर रही हैं, जबकि कुछ प्रभावशाली लोगों की गाड़ियां दिनदहाड़े नियमों को दरकिनार कर संचालित हो रही हैं। इधर किसानों का कहना है कि प्रतिबंध का सबसे ज्यादा असर उन पर पड़ रहा है। किसानों के आरोप हैं कि बोरिंग गाड़ी संचालकों ने दरों में भारी बढ़ोतरी कर दी है। पहले जहां सामान्य राशि में काम हो जाता था, अब "परमीशन दिलाने" और "बैन में काम कराने" के नाम पर अतिरिक्त वसूली की जा रही है।

कई किसानों का कहना है कि उनसे 3000 से लेकर 5000 रुपये तक अतिरिक्त राशि ली जा रही है। इतना ही नहीं, कैसिंग पाइप डालने के कार्य में भी मनमाने दाम वसूले जा रहे हैं। स्थानीय लोगों ने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है। लोगों का कहना है कि यदि प्रशासन ने प्रतिबंध लगाया है तो उसका असर धरातल पर भी दिखाई देना चाहिए। साथ ही अवैध रूप से संचालित बोरिंग गाड़ियों और किसानों से वसूली करने वालों पर सख्त कार्रवाई होना जरूरी है, ताकि किसानों को राहत मिल सके।

### लीनेस क्लब की महिलाओं द्वारा शरबत का वितरण किया गया





**अशोकनगर।** भीषण गर्मी को देखते गर्मी से थोड़ी राहत यात्रियों और राहगीरों को मिल सके इसी बात को ध्यान में रखते हुए एक छोटा सा प्रयास किया गया, क्लब ने रेलवे स्टेशन पर राहगीरों, यात्रियों, मुसाफिरों के लिए मीठा ठंडा शरबत पिलाया गया। रेलवे पर बैठे सभी यात्रियों को इस भीषण गर्मी में शरबत मिलने पर राहत मिली और उन्हें बहुत खुशी हुई कि गर्मी में उन्हें ठंडाई प्राप्त हुई वह उन्हें राहत मिली। क्लब की प्रशासनिक सचिव लवली रघुवंशी के वैवाहिक वर्षगांठ पर उन्हीं के द्वारा यह शरबत वितरण किया गया। इस मौके पर उपस्थित रही क्लब की अध्यक्ष अलका अग्रवाल, सचिब रश्मि,अंजना दुबे, गंगा रघुवंशी, लवली रघुवंशी, मेघा, प्रीति ,क्लब की अन्य सदस्य उपस्थित रही।

### ग्रीष्मकालीन फसल मूंग के उपार्जन व पंजीयन केंद्र निर्धारित

**अशोकनगर।** शासन के निर्देशानुसार ई-उपार्जन पोर्टल पर ग्रीष्म कालीन फसल मूंग के कृषक पंजीयन 25 मई से 15 जून 2026 तक किया जाना है। कलेक्टर साकेत मालवीय के आदेशानुसार अपर कलेक्टर डी.एन.सिंह द्वारा जिले के कृषकों को ग्रीष्मकालीन मूंग फसल का न्यूनतन समर्थन मूल्य पर उपार्जन किए जाने के लिए पंजीयन कराए जाने हेतु पंजीयन केन्द्र का निर्धारण जिला उपार्जन समिति की अनुसंशा के आधार पर किया गया है। जारी आदेशानुसार विकासखण्ड अशोकनगर के लिए सेवा सहकारी समिति मर्यादित अशोकनगर समिति मुख्यालय, विकासखण्ड मुंगावली के लिए सेवा सहकारी समिति मर्यादित समिति मुख्यालय,ईसागढ़ के लिए सेवा सहकारी समिति मर्यादित ईसागढ़ समिति मुख्यालय तथा चन्देरी के लिए सेवा सहकारी समिति मर्यादित महोली समिति मुख्यालय होगें।

### तीर्थदर्शन यात्रा आवेदनों का रेंडमाइजेशन



**अशोकनगर।** मध्यप्रदेश सरकार द्वारा मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना संचालित की जा रही है। शासन द्वारा अयोध्या वाराणासी तीर्थ दर्शन यात्रा हेतु अशोकनगर जिले को 196 तीर्थ यात्रियों का बर्थ कोटा निर्धारित किया गया हैं। निर्धारित कोटा से अधिक आवेदन प्राप्त होने पर जिला सूचना एवं विज्ञान कार्यालय कलेक्ट्रेट में आवेदनों की सूची का रेंडमाइजेशन बुधवार को किया गया। अयोध्या वाराणसी तीर्थ दर्शन हेतु विशेष ट्रेन 05 जून को रवाना होगी तथा 10 जून को वापिस आयेगी। रेण्डमाईजेशन के दौरान संयुक्त कलेक्टर सोनम जैन,जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी राहुल वर्मा सहित संबंधित उपस्थित रहे।

## मोडिफाई साइलेंसर से प्रदूषण करने वाले 2 पर कार्रवाई की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

पुलिस द्वारा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा के निर्देशन में बुलेट मोटरसाइकिलों में मोडिफाई साइलेंसर (पटाखा) लगाकर तेज आवाज के माध्यम से ध्वनि प्रदूषण करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

27 मई को थाना कोतवाली द्वारा वाहन चेकिंग के दौरान दो बुलेट मोटरसाइकिल चालकों के विरुद्ध कार्यवाही की गई। वाहन क्रमांक एमपी 67 जेडएफ 6747 के चालक सुरेंद्र बैरागी एवं वाहन क्रमांक एमपी 40 एमक्यू 5397 के चालक कपिल शर्मा द्वारा अपनी मोटरसाइकिलों में मोडिफाई साइलेंसर लगाकर तेज आवाज उत्पन्न कर ध्वनि प्रदूषण किया जा रहा था। उक्त दोनों वाहन चालकों के विरुद्ध मोटर व्हीकल एक्ट की संबंधित धाराओं के अंतर्गत चालानी कार्यवाही करते हुए उनके मोडिफाई साइलेंसर जप्त किए गए।

वाहन चालकों से पूछताछ करने पर बताया गया कि उनकी मोटरसाइकिलों में मैकेनिक बंटी खान द्वारा मोडिफाई साइलेंसर लगाए गए थे। इस संबंध में मैकेनिक बंटी खान को थाना बुलाकर समझाइश दी गई कि भविष्य में किसी भी वाहन में इस प्रकार के अवैध एवं मोडिफाई साइलेंसर न लगाए जाएं।

अशोकनगर पुलिस द्वारा जिले के समस्त वाहन मैकेनिकों से अपील की गई है कि यदि कोई वाहन चालक मोडिफाई साइलेंसर लगवाने हेतु संपर्क करता है, तो किसी भी स्थिति में ऐसे साइलेंसर न लगाएं। वाहन चलाते समय यातायात नियमों का पालन करें तथा वाहन में किसी भी प्रकार का अवैध मॉडिफिकेशन न कराएं। नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध निरंतर वैधानिक कार्यवाही जारी रहेगी।

# अहंकार और धन यहीं धरे रह जाएंगे जो साथ जाएगा वह आपका शांत स्वभावः मुनिश्री सुधासागर महाराज

**राजस्थान के बांगड़ अंचल से एक हजार भक्तों के दल ने किया श्री फल भेंट**

**संत सुधा सागर शुद्ध सात्विक भोजन शाला का होगा शुभारंभ**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

अहंकार और धन यहीं धरे रह जाएंगे जो साथ जाएगा वह है आपका शांत स्वभाव हमें अपने स्वभाव की ओर लौटना है और दूसरों की मदद करने वाली आपकी नेक नियत को बनाना है यदि हमअपनी नियत साफ़ रखेंगे तो तरक्की आपने आप होगी कुछ लोगों को लगता है कि ईमान दारी से जीवन नहीं चलता ईमानदारी यदि आपकी नियत में ही है तो आपकी उन्नति को कोई रोक नहीं सकता सरल स्वभावी होय ताकें घर बहूं सम्पदा ये शास्त्र के वचन है और शास्त्र में लिखी बातें कभी झूठी नहीं होती वस फर्क होता है जो दिख रहा है वह वास्तविक रूप में हैं नहीं यदि अंदर बाहर आपका स्वभाव एक सा है तो आपकी उन्नति प्रगति दिन दूनी रात चौगुनी होगी ही होगी जीवन में पैसा नहीं व्यवहार कमाओं क्यों कि श्मशान में चार करोड़ नहीं चार लोग छोड़ने जायेंगे आप कितने ही धन दौलत सन साधन इकट्ठा कर लो ये यही पड़ा रह जायेगा कुछ भी साथ जाने वाला नहीं है ये जीवन की सच्चाई है फिर भी इंसान इस सच्चाई को जान बूझकर समझना नहीं चाहता या यूं कहें तो ज्यादा अच्छा होगा कि जानते हुए भी मानकर अपने जीवन की शैली में सुधार के प्रति रुचि नहीं ले रहा एक दिन तो आपको सच्चाई का सामना करना ही होगा उक्त उद्गार आदीश्वर धाम सुभाषगंज मैदान में विशाल धर्मसभा को संबोधित करते हुए राष्ट्रसंत मुनि पुगंव सुधासागर महाराज ने व्यक्त किए।

### संत सुधा सागर शुद्ध सात्विक भोजन शाला का होगा शुभारंभ

धर्म सभा को सम्बोधित करते हुए जैन समाज के मंत्री विजय धुर्रा ने कहा कि नगर में एक संत सुधा सागर सात्विक भोजन शाला की स्थापना श्री दिगम्बर जैन पंचायत कमेटी द्वारा की जा रही है इसकी विस्तृत जानकारी आप को वाद में दी जायेगी आज हमारे बीच राजस्थान के वासवाडा परतापुर बागीदौरा तलवाड़ा सहित पूरे अंचल की पैंतीस स्थानो की कमेटीया आई है हम अपने नगर की ओर से आप सभी का अभिनंदन करते हैं ये पहला मौका है जब रोज रोज पूरे के पूरे अंचल की समाजे एक सूत्र में बंधकर तीर्थ चक्रवर्ती मुनि पुंगव सुधासागर महाराज के चातुर्मास के प्रयास कर रही है रविवार को भोपाल से चालीस वसो व निजी वाहनों बीना गंज कुंभराज अंचल से भी भक्तों का बड़ा दल आया था हमारी समाज की गौरव मई परंपरा के अनुरूप हम आप का अभिनंदन कर रहे हैं।

### इस मिशान में चार करोड़ नहीं चार लोग छोड़ने जायेंगे

इस दौरान राष्ट्र संत मुनि पुगंव श्री सुधासागरजी महाराज ने कहा कि जीवन में पैसा नहीं व्यवहार कमाओं क्यों कि श्मशान में चार करोड़ नहीं चार लोग छोड़ने जायेंगे आप कितने ही धन दौलत सन साधन इकट्ठा कर लो ये यही पड़ा रह जायेगा कुछ भी साथ जाने वाला नहीं है ये जीवन की सच्चाई है फिर भी इंसान इस सच्चाई को जान बूझकर समझना नहीं चाहता या यूं कहें तो ज्यादा अच्छा होगा कि जानते हुए भी मानकर अपने जीवन की शैली में सुधार के प्रति रुचि नहीं ले रहा एक दिन तो आपको सच्चाई का सामना करना ही होगा। धन साध्य नहीं साधन मात्र है जव भी जिंदगी में सिद्ध मिलेगी साध्य से ही मिलेगी साधन से नहीं साधन आपको वहारी सुख दे उन्होंने कहा कि धन साध्य नहीं साधन मात्र है जव भी जिंदगी में सिद्ध मिलेगी साध्य से ही मिलेगी साधन से नहीं।

